## एक नजर में




### कॉलेज चलो अभियान में सहायता केंद्र सक्रिय

**इछावर.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातक महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत प्राचार्य डॉ. सुनीता यादव एवं प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. कलावती गाडरिया के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु कॉलेज में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है .स्कूलों में प्राचार्य एवं अभिभावकों से संपर्क एवं 12वीं पास विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई. एनएसएस इकाई अधिकारी डा. अरविंद बैस के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से संपर्क एवं संवाद किया गया.



### रामायण के 'हनुमान' मस्ताल ने किए रामलला के दर्शन

**बुधनी.** रामायण-2 धारावाहिक में हनुमान जी की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता और समाजसेवी विक्रम मस्ताल शर्मा ने शनिवार को पवित्र नगरी अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी के दर्शन किए. उन्होंने प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दिव्य दर्शन किए और हनुमानगढ़ी जाकर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर उनके साथ अभा कांग्रेस सचिव सत्यनारायण पटेल व अन्य लोग भी उपस्थित रहे.



### दुर्गावाहिनी वर्ग में प्रशिक्षण लेने रवाना हुईं बहनें

**सीहोर.** धर्म रक्षा-राष्ट्र रक्षा, आत्मरक्षा, हिंदू कन्या रक्षा, मां कालका, दुर्गा बनने हेतु संकल्पित होकर दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण वर्ग के लिए रवाना हुई बहनों का पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया गया. कार्यक्रम में मातृशक्ति की विभाग साप्ताहिक मिलन प्रमुख अलका, जिला संयोजिका नीलू चौहान, नगर संयोजिका निकिता, मातृ शक्ति ज्योति तोमर, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी, विभाग संगठन मंत्री भानु मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला सहमंत्री मंगलेश, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिला कोषाध्यक्ष महेश पटेल, नगर अध्यक्ष परमवीर, नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह मंत्री गिरीश पाठक, नगर विशेष सम्पर्क प्रमुख अर्जुन सोनी, नगर अर्चक प्रमुख सुशील उपाध्याय एवं अन्य उपस्थित रहे.



### आज निकलेगा आर्यवीरों का भव्य पथसंचलन

**सीहोर.** आर्य समाज एवं भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय पूर्ण कालिक चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिविरार्थियों का जनेऊ संस्कार कराया गया. आर्यवीरों का भव्य पथ संचलन आज सायं 5 बजे निकाला जाएगा. पथ संचलन आवासीय स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर, इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा मार्ग अटल चौक पर सम्पन्न होगा. अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आर्यवीरों का स्वागत किया जाएगा.



### हजूरी रूप साईं साधराम साहेब को दी श्रद्धांजलि

**सीहोर.** साईं साधराम साहेब जी के महाप्रयाण से सम्पूर्ण सिंधी समाज में शोक की लहर व्याप्त है. अंतिम संस्कार के दौरान भक्तों ने उनके पार्थिव शरीर के दर्शन किए और उन्हें भावपूर्ण विदाई दी. शनिवार को हिंद सिंध के सरताज, हजूरी रूप साईं साधराम साहेब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु ब्लू बर्ड स्कूल में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सभा में सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत साईं साधराम साहेब जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई. श्रद्धालुओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान, अरदास एवं सत्संग का आयोजन भी किया गया.

### सीएमएचओ ने सेक्टर स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

**दोराहा.** सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा दोराहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेक्टर स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी नियमित रूप से फील्ड भ्रमण करें, रिकॉर्ड एवं रजिस्टर अद्यतन रखें तथा हाई रिस्क मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं का समय पर रेफरल सुनिश्चित करें.

# लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीदी ने बढ़ाया बारदाना संकट

## तुलाई के अभाव में 3 दिन से मंडी में रुकने को मजबूर किसान, किराए की ट्रैक्टर- ट्राली लेकर आए किसानों में आक्रोश

- जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर हुई रिकार्ड गेहूं खरीदी
- बारदाने की कमी से जूझ रहे अधिकांश खरीदी केन्द्र



**सीहोर.** उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक सुदेश राय ने केन्द्र के जिम्मेदारों को जमकर लताड़ लगाई.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 मई. समर्थन मूल्य पर इस बार जिले में गेहूं खरीदी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. अब तक 7 लाख 27 हजार टन से अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है. सरकार ने खरीदी की अंतिम तारीख 23 मई से बढ़ाकर 28 मई कर दी, लेकिन लक्ष्य से अधिक खरीदी होने के कारण अब बारदाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है. हालात यह हैं कि जिला मुख्यालय के खरीदी केंद्रों पर किसान पिछले तीन दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लेकर खड़े हैं, लेकिन बारदाना नहीं होने से उनकी उपज का तौल नहीं हो पा रहा है.**

भीषण गर्मी के बीच किसान मंडी के टीन शेड के नीचे दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं. कई किसान होटल से खाना मंगाकर खा रहे हैं, जबकि छोटे बच्चे भी उनके साथ खुले शेड में परेशान हो रहे हैं. केंद्रों पर व्यवस्थाओं की कमी को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है.

शनिवार दोपहर मंडी स्थित वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर कई किसान शेड के नीचे बैठे नजर आए. रोला गांव के किसान राधेश्याम मेवाड़ा ने बताया कि वे तीन दिन से गेहूं की ट्रॉली लेकर खड़े हैं, लेकिन बारदाना नहीं होने से तौल नहीं हो सका. दोराहा के शिवप्रसाद मालवीय ने बताया कि वे गुरुवार रात 10 बजे ही उपज लेकर मंडी पहुंच गए थे, लेकिन अब तक नंबर नहीं आया. जहांगीरपुरा के किसान मानसिंह ने कहा कि तीन दिन से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही.

खंडवा गांव के किसान घनश्याम मीणा ने बताया कि वे पिछले तीन दिन से मंडी शेड के नीचे रह रहे हैं. दिन-रात वहीं गुजर रहे हैं और मजबूरी में होटल से खाना मंगवाकर खाना पड़ रहा है. उनके साथ आए बच्चे भी भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं. किसानों का कहना है कि टीन शेड के नीचे दोपहर में बैठना मुश्किल हो जाता है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई राहत नहीं मिल रही.

बारदाने की कमी का असर जिले के कई खरीदी केंद्रों पर दिखाई दे रहा है. सीहोर के देव गणेश वेयरहाउस, जमोनिया रोड पर भी बारदाना खत्म होने के कारण खरीदी प्रभावित हो गई. यहां पहुंचे कई किसान इंतजार करने के बाद वापस लौट गए. शनिवार को केंद्र पर सन्नाटा पसरा रहा. इस बार जिले में 7 लाख टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिए करीब 30 हजार 800 गठान बारदाने की आवश्यकता थी. लेकिन लक्ष्य से अधिक खरीदी होने के बाद भी अब तक केवल 29 हजार गठान बारदाना ही उपलब्ध हो पाया है. स्थिति यह है कि अभी भी करीब 1500 गठान बारदाने की जरूरत बनी हुई है. वहीं 6500 किसान ऐसे हैं जिन्होंने स्लॉट बुक कराए हैं और उपज बेचना बाकी है.

### इंतजार कर रहे किसानों को देख नाराज हुए राय

तेज धूप में ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ गेहूं तुलाई का इंतजार कर रहे किसानों को देखकर शनिवार को कृषि उपज मंडी में विधायक सुदेश राय आक्रोशित हो गए. वेयर हाउस के अधिकारियों को राय ने साफ शब्दों मे कहा कि बारदाना आए या ना आए इससे मुझे कोई मतलब नहीं है. मैं किसानों को परेशान नहीं होने दूंगा. उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं करूंगा. उन्होंने कहा कि दो दिनों से तेज धूप में अपनी ट्रैक्टर ट्राली को लेकर किसान खड़े हुए हैं. तुम लोगों को शर्म नहीं आ रही है. गड़बड़ मत करो .आसपास के वेयर हाउस गेहूं उत्पादन केंद्र पर पर्याप्त बारदान मौजूद है आपके ही पास नहीं हैं. किसानों ने कहा कि छुट्टी और बारदान नहीं होने का हवाला देकर गेहूं की तुलाई रोक दी गई है जबकि हम दो दिनों से तुलाई का इंतजार कर रहे हैं और अंतिम तारीख भी नजदीक आ गई है. वेयर हाउस के अधिकारियों कर्मचारियों से विधायक राय ने कहा कि भले ही सरकारी छुट्टी क्यों ना हो आज सभी किसानों की उपज से भरी ट्रॉली की तलाई होगी. कृषि उपज मंडी सरकारी वेयर हाउस के बाहर 25 से 30 ट्रैक्टर ट्रालियां मौजूद थी बरदाना की कमी बताकर गेहूं की तुलाई नहीं की जा रही थी. किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए विधायक सुदेश राय शनिवार को अचानक कृषि उपज मंडी पहुंच गए. रात तक गेहूं से भरी सभी ट्रालियों की तुलाई वेयर हाउस गेहूं उपार्जन केंद्र द्वारा कर ली गई.

### किराए की ट्रैक्टर- ट्राली से हो रहा आर्थिक नुकसान

कई किसान किराए के ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे हैं. किसानों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन एक से दो हजार रुपए तक किराया देना पड़ रहा है. सिंगार खुर्द के किसान अशोक पाटीदार ने बताया कि वे किराए की ट्रॉली लेकर आए हैं और तीन दिन से फंसे होने के कारण खर्च लगातार बढ़ रहा है. बिजोरा गांव के कीर्तिपाल ने कहा कि बारदाने के अभाव का सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है.

### श्यामपुर और इछावर भेजा उपलब्ध बारदाना

शनिवार को कुछ बारदाने की गठानें पहुंचीं, लेकिन श्यामपुर और इछावर केंद्रों पर भी संकट होने के कारण उन्हें वहां भेज दिया गया. इससे जिला मुख्यालय के खरीदी केंद्रों पर किसानों की परेशानी और बढ़ गई है. किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के नाम पर उन्हें परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए गंभीर नजर नहीं आ रहे.

### जेल में लगा विधिक जागरुकता शिविर

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला जेल का निरीक्षण किया. इस दौरान जेल में विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया. शिविर में बंदियों के अधिकारों, विधिक सहायता, सलाह एवं तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई. निरीक्षण के दौरान विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति, अपील प्रस्तुति, जमानत आवेदन प्रस्तुति, जमानत के बाद एवं सजा पूरी होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों के बारे में जानकारी ली. उन्होंने पाकशाला, जेल लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल, बंदियों के बैरक, पानी एवं रोशनी की व्यवस्था आदि का जायजा लिया.

# पुलिस के हत्थे चढ़े मास्टरमाइंड हीरालाल से होगी पूछताछ

- बिलकीसगंज में पदस्थ था फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड
- एक दर्जन से अधिक लोगों को दी है फर्जी डिग्री

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 मई.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (आरसीएच) के तहत फर्जी एमबीबीएस डिग्री और मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन के जरिए सरकारी नौकरी दिलाने वाले बड़े गिरोह का खुलासा हुआ है. मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड हीरा सिंह कौशल को भोपाल से गिरफ्तार किया है.

आरोपी समीपस्थ ग्राम बिलकिसगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ था और 1 मई से लंबी छुट्टी पर चल रहा था. जांच में सामने आया है कि उसने 12 से अधिक लोगों को फर्जी डिग्री और रजिस्ट्रेशन उपलब्ध कराकर सरकारी अस्पतालों और संजीवनी क्लीनिकों में नौकरी दिलवाई है. पुलिस के मुताबिक, दमोह में फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे डॉक्टरों की जांच के दौरान यह पूरा नेटवर्क सामने आया. अब पुलिस शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, धार, मंडला, जबलपुर और सीहोर सहित कई जिलों में पदस्थ संदिग्ध डॉक्टरों की कुंडली खंगाल रही है. अधिकारियों का दावा है कि प्रदेश में 50 से ज्यादा लोग फर्जी डिग्री के जरिए स्वास्थ्य विभाग में नौकरी कर रहे हो सकते हैं.

जांच में पता चला कि हीरा सिंह कौशल ने सबसे पहले अजय मौर्य की फर्जी डिग्री तैयार करवाई थी. इसके बाद अजय के जरिए सचिन यादव और राजपाल गौर समेत कई लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल कर ली. पुलिस को आरोपी के पास से डॉक्टरों की एक सूची भी मिली है, जिसके आधार पर दबिश दी जा रही है।

फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब दमोह सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या को गोपनीय सूचना मिली और उन्होंने कुछ डॉक्टरों की डिग्रियों की जांच करवाई. मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल की जांच में राजपाल गौर का रजिस्ट्रेशन फर्जी निकला. उसने 2018 के पुराने रजिस्ट्रेशन नंबर में बदलाव कर उसे 2023 का दर्शाया था. जांच के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने 8 से 10 लाख रुपए देकर फर्जी एमबीबीएस डिग्री और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का फर्जी रजिस्ट्रेशन खरीदा था। राजपाल गौर और सचिन यादव दमोह के सरकारी आरोग्य केंद्र और संजीवनी क्लीनिक में कार्यरत थे, जबकि अजय मौर्य पिछले ढाई वर्षों से जबलपुर के एक अस्पताल में डॉक्टर बनकर काम कर रहा था.



पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह के तार दूसरे राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं. जांच में जीवाजी यूनिवर्सिटी और रीवा मेडिकल कॉलेज का नाम भी सामने आया है. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी डिग्रियां कहां तैयार हुई और अब तक कितने लोगों को बेची गई. सूत्रों के अनुसार, हीरा सिंह कौशल पहले भी विवादों में रह चुका है. बताया जा रहा है कि बैतूल क्षेत्र में उसकी कार से करोड़ों रुपए बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, हालांकि अधिकारी इस मामले पर खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं.

### रौबदार अंदाज में करता था हीरालाल एंट्री

लोगों के अनुसार, हीरा सिंह कौशल जब भी अस्पताल पहुंचता था, उसके साथ हमेशा युवक-युवतियों का समूह रहता था. वह कभी अकेले ड्यूटी पर नहीं आया और उसका रहन-सहन किसी बड़े अधिकारी जैसा नजर आता था. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने पिछले तीन वर्षों में कई महंगी और लग्जरी गाड़ियां खरीदी हैं. अब उसके बैंक खातों, मोबाइल रिकॉर्ड और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है.

# प्रमुख चौराहों पर लगीं हाईटेक एलईडी स्क्रीन का लोकार्पण

- नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया अनावरण
- शासन की योजनाओं के बारे में दी जाएगी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 मई.** शहर को आधुनिक, स्वच्छ एवं तकनीकी रूप से विकसित बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है. नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल पर नदी चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाल नाका और बस स्टैंड पर हाईटेक एलईडी स्क्रीन लगा दी गई है और अब आगे भी शहर के प्रमुख चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर हाईटेक एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी.

एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नगर विकास कार्यों, सामाजिक संदेशों, प्राइवेट एड एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी तुरंत प्राप्त हो सकेगी. यह पहल सीहोर शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है. एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शहर की गतिविधियों, स्वच्छता अभियान, यातायात व्यवस्था, आपातकालीन सूचनाओं एवं विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा. इससे आमजन को घर बैठे महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी तथा शहर में डिजिटल संचार व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी.

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सीहोर शहर को नई तकनीक से जोड़ना और उसे सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद का उद्देश्य है और इसके लिए लगातार नवीन एवं जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीहोर विकास और आधुनिकता के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा. नपाध्यक्ष ने कहा कि नपा परिषद द्वारा शहर के विकास में सर्वांगीण प्रयास किए जा रहे हैं. सभी वार्डों में सड़क व नालियों का निर्माण प्रमुखता से कराया जा रहा है. इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए भी नपा प्रयासरत है. स्वच्छता सर्वेक्षण में हम गत वर्ष की तुलना में अधिक बेहतर प्रदर्शन करेंगे.



इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगे कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर पालिका हरसंभव प्रयास कर रही है. नागरिकों के सहयोग से सीहोर को प्रदेश के आदर्श शहरों में शामिल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा शहर हित में निरंतर नए निर्णय लिए जाते रहेंगे. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्त्री, पार्षद राजेश माझी, विजेंद्र परमार, अजयपाल सिंह राजपूत, कमलेश राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे.

### एकलव्य रेड ने उड़ान रेड को हराया

**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए मैच में एकलव्य क्रिकेट अकादमी रेड ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को 181 रन से हराया. एकलव्य क्रिकेट अकादमी रेड ने 40 ओवर में 383 रन बनाए थे. जबकि उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड टीम ने 40 ओवर में 202 रन बनाए थे.

### अभियान के तहत होंगी अनेक गतिविधियां

नवभारत न्यूज

**बुधनी 23 मई.** शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 25 मई को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जिले की बुधनी जनपद के ग्राम जोशीपुरा स्थित नर्मदा नदी आवंलीघाट पर जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर शामिल होंगी.

इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में जनसहयोग के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्य किए जाएंगे. साथ ही सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि जल संरक्षण के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है. इसके तहत जलस्त्रोतों का सरंक्षण कार्य किया जा रहा है.


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म. प्र.)**

क्रमांक/353 GEM / स्वा.शाखा/ 2026 सीहोर दिनांक 22.05.

संबधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए GEM गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है विस्तृत निविदा कार्य से संबधित समस्त अहर्ताएं एवं आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदा में भाग लेने की अन्तिम तिथि 01-06-2026 सायं 14.00 तक है निविदा में यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। संशोधन को GEM पोर्टल www.gem.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/B/7485344 | Pole-Mounted Outdoor Dustbin (Q3) Item wise evaluation | 12 लाख रू. | Schedule 1 14000<br>Schedule 2 10000 | 15 दिवस |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार Wonder Home Finance, शाखा आष्टा (म.प्र.) द्वारा श्रीमति कविता पत्नी श्री राजेश, निवासी ग्राम अरोलिया (आष्टा) को उनके स्वामित्व के प्लाट (कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट, खसरा नं. 653/2/1/1/1/1/1/1/1/1, भाग वार्ड नं. 15, शेष वार्ड कस्बा आष्टा, जिला सीहोर) पर भवन निर्माण हेतु ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। उक्त संपति की चतुर्सीमा: पूर्व में खंडेलवाल जी की भूमि, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में सेन का प्लॉट एवं दक्षिण में राहुल ठाकुर का मकान है। श्रीमति कविता ने यह संपति श्री हरेन्द्र सिंह ठाकुर से ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 35242023412706735 दि. 26/ 12/ 2023 के द्वारा क्रय की थी। इस संपत्ति से संबंधित पिछला मूल दस्तावेज (पूर्व रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 35242015 ए1095177 दिनांक 28/09/2015) कहीं गुम हो गया है जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है।

अत: उक्त संपति या गुमशुदा दस्तावेज पर यदि किसी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या निजी संस्था का कोई ऋण, बंधक (मॉर्टगेज), स्वत्व, अधिकार या अन्य कोई आपत्ति हो, तो वे 7 दिनों के भीतर मय प्रमाण हमारे कार्यालय में लिखित आपत्ति दर्ज करावें। अवधि बीतने के बाद कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 23/05/2026

भवदीय:
राहुल गेहलोत (अभिभाषक)
कार्यालय: सेमनरी रोड, बाबा की होटल के पास, सचोरा कालोनी, गेहलोत बिल्डिंग, आष्टा (म.प्र.)
मो.नं. 8770856754, 9907642719